संख्या-5/1/2018-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 29 जून, 2018

प्रेस विज्ञप्ति

**औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - मई, 2018**

मई, 2018 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1 अंक बढ़कर 289 (दो सौ नवासी) अंकों के स्तर पर रहा। सूचकांक में अप्रैल, 2018 एवं मई, 2018 के बीच (+) 0.35 प्रतिशत की वृद्धि रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (+) 0.36 प्रतिशत था।

सूचकांक में सर्वाधिक योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 0.68 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में चावल, मूंगफली का तेल, ताजी मछली, पोल्ट्री (चिकन), अण्डे (मुर्गी), दूध, देसी घी, हरी मिर्च, प्याज, बैंगन, बंद गोभी, फ्रेंच बीन, हरा धनिया, आलू, मूली, इत्यादि सूचकांक वृद्धि में सहायक रहे। इसके विपरीत, गेंहूँ, गेंहूँ आटा, सरसों का तेल, सूखी मिर्च, भिण्डी, तोरई, आम (पका हुआ), इत्यादि ने सूचकांक में वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

मई, 2018 के लिए सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 3.97 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 1.09 प्रतिशत की तुलना में 3.96 प्रतिशत रहा। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 1.33 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के (-) 1.63 प्रतिशत की तुलना में 1.66 प्रतिशत रहा।

केन्द्र-स्तर पर, शोलापुर एवं भिलाई (प्रत्येक) के सूचकांक में 6 अंक की अधिकतम वृद्धि रही जिसके बाद पुणे, कोडर्मा एवं गोदावरीखानी (5 अंक प्रत्येक) रहे। अन्य में, 2 केन्द्रों में 4 अंक, 6 केन्द्रों में 3 अंक, 18 केन्द्रों में 2 अंक तथा 15 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरीत, छिंदवाड़ा, दार्जिलिंग, जालंधर, जयपुर एवं गाजियाबाद (प्रत्येक) में अधिकत्तम 2 अंक की कमी रही। अन्य 12 केन्द्रों के सूचकांक में 1 अंक की कमी रही। शेष 15 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

36 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारतीय सूचकांक से ऊपर तथा 39 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। मुम्बई, जबलपुर एवं छिंदवाड़ा केन्द्रों का सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहा।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी जून, 2018 माह के लिए दिन मंगलवार, जुलाई 31, 2018 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक